**सुविचार**

खुद को सकारात्मक रखें और हर परिस्थिति में सकारात्मक सोच बनाए रखें।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर



सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 31 | पंचकूला। रविवार, 8 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच आज

**अहमदाबाद, 7 मार्च।** भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में रनों की बारिश देखने को मिली थी और कुल 499 रन बने थे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप का फाइनल में भी ऐसा ही मंजर देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक फाइनल मुकाबले में स्कोर करीब 200 रन के आसपास रहने की संभावना है।

### राम रहीम पत्रकार छत्रपति हत्याकांड में बरी, 3 अन्य की सजा बरकरार

**चंडीगढ़।** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम को बरी कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने 3 आरोपियों कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह और कृष्ण लाल की सजा को बरकरार रखा है। इससे पहले 17 जनवरी 2019 को पंचकूला की स्पेशल छ्क्ष कोर्ट ने राम रहीम समेत बाकी सभी आरोपियों को 7 साल कैद की सजा सुनाई थी। जिसके खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि इस हत्याकांड में राम रहीम के साजिशकर्ता होने के पर्याप्त सबूत नहीं हैं। जिस वजह से राम रहीम को बरी कर दिया गया।

# अमेरिकी THAAD सिस्टमों पर हमले, जॉर्डन वाला तबाह

## कीमत 22 हजार करोड़ रुपए, अमेरिका के पास ऐसे सिर्फ 7 सिस्टम, पश्चिम एशिया में संघर्ष के आठवें दिन भी हमले जारी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**तेल अवीव/तेहरान, 7 मार्च।** अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच तनाव तेजी से बढ़ने के बीच संघर्ष आठवें दिन में प्रवेश कर गया है। इसी दौरान इज़रायल ने हमलों का नया दौर शुरू किया जबकि तेहरान के एक प्रमुख वाणिज्यिक हवाई अड्डे पर विस्फोटों की खबरें सामने आई हैं। 28 फरवरी को तेहरान में हुए एक हमले से शुरू हुआ यह टकराव धीरे-धीरे और व्यापक होता गया है। यह शुरुआत में केवल हवाई हमलों और जवाबी कार्रवाइयों तक सीमित दिखाई दे रहा था। वह अब खाड़ी क्षेत्र में ड्रोन हमलों सहित एक बड़े संघर्ष में बदल गया है।

ईरान ने बीते एक हफ्ते में सऊदी अरब, यूएई और जॉर्डन में तैनात अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में जॉर्डन के 'मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस' पर लगे THAAD का राडर सिस्टम तबाह हो गया है। इस रडार सिस्टम की कीमत 2700 करोड़ रुपए (300 मिलियन डॉलर) थी। यह रडार THAAD सिस्टम का अहम हिस्सा होता है और दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को पहचानने और ट्रैक करने का काम करता है। अमेरिका के पास सिर्फ 7-8 THAAD सिस्टम ही मौजूद हैं, इसलिए इसे बड़ा सैन्य नुकसान माना जा रहा है। एक THAAD सिस्टम की कीमत 22 हजार करोड़ रुपए तक होती है।



जॉर्डन में तबाह हुआ अमेरिकी डिफेंस सिस्टम।

### इजराइली ने लेबनान का टायर शहर खाली करने को कहा

इजराइल की सेना ने लेबनान के शहर टायर के कुछ इलाकों के लोगों से घर खाली करने को कहा है। सेना का कहना है कि वह जल्द ही वहां कुछ इमारतों पर हमला कर सकती है। यह चेतावनी इजराइली सेना के प्रवक्ता अविचय अद्राई ने जारी की है। इजराइल का कहना है कि जिन 6 इमारतों को निशाना बनाया जाएगा, वे हिजबुल्लाह से जुड़ी हैं। सेना ने लोगों से कहा है कि हमले से पहले तुरंत इलाका छोड़ दें, ताकि उन्हें नुकसान न पहुंचे। वहीं ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका के जहाज फारस खाड़ी में आए, तो उन्हें समुद्र में डुबो दिया जाएगा। यह चेतावनी ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने दी है। यह बयान तब आया जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी नौसेना जल्द ही ऑयल टैंकरों को सुरक्षा लिए जहाज भेज सकती है।

### ईरान ने पड़ोसी देशों से माफी मांगी, कहा-हमले नहीं करेंगे

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि अब पड़ोसी देशों पर हमले नहीं किए जाएंगे, जब तक कि उन देशों की जमीन से ईरान पर कोई हमला न किया जाए। पेजेशकियन ने पिछले कुछ दिनों में पड़ोसी देशों पर हुए हमलों के लिए उनसे माफी भी मांगी। उन्होंने कहा कि ईरान इन देशों के साथ तनाव बढ़ाना नहीं चाहता और भविष्य में ऐसे हमलों से बचने की कोशिश करेगा। हालांकि, इसके कुछ देर बाद ही कतर की राजधानी दोहा में एक धमाका हुआ। 28 फरवरी को जंग की शुरुआत से अब तक ईरान इजराइल समेत मिडिल ईस्ट के 13 देशों को निशाना बना चुका है। वहीं, अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने शनिवार को फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा है कि आज रात ईरान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस हमले का मकसद ईरान के मिसाइल लॉन्चर और मिसाइल बनाने वाली फैक्ट्रियों को भारी नुकसान पहुंचाना है।

वहीं ईरान का एक युद्धपोत IRIS लावन भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है। हृ्ह्व ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि ईरान ने 28 फरवरी को तकनीकी खराबी आने के बाद भारत से मदद मांगी थी। भारत ने 1 मार्च को जहाज को कोच्चि में डॉक करने की अनुमति दी और इसके बाद 4 मार्च को यह बंदरगाह पर पहुंच गया। जहाज के 183 क्रू मेंबर फिलहाल कोच्चि में भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं।

### ईरानी आर्मी बोली- पड़ोसी देशों की संप्रभुता का सम्मान करते हैं

ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (छ्रत्रष्ट) ने कहा है कि वह पड़ोसी देशों की संप्रभुता का सम्मान करती है और उनके खिलाफ कोई हमला नहीं किया गया है। यह बयान ईरान के राष्ट्रपति के बयान के बाद आया है। उन्होंने कहा था कि ईरान पड़ोसी देशों पर हमले रोक सकता है, अगर वहां से ईरान पर हमला न हो। IRGC ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अमेरिका और इजराइल के हमले जारी रहे, तो पूरे इलाके में मौजूद अमेरिका और इजराइल के सभी सैन्य ठिकाने ईरान के निशाने पर होंगे। बयान में कहा गया कि जरूरत पड़ने पर ईरान की सेना जमीन, समुद्र और हवा में मौजूद इन ठिकानों पर कड़ा जवाब दे सकती है।

### ट्रम्प बोले- ईरान पड़ोसी देशों के सामने झुक गया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के सामने झुक गया है। उन्होंने यह बात अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखी। ट्रम्प का कहना है कि ईरान ने पड़ोसी देशों से माफी मांगी है और वादा किया है कि अब उन पर हमला नहीं करेगा। उनके मुताबिक ऐसा अमेरिका और इजराइल के लगातार हमलों के दबाव की वजह से हुआ है। इससे पहले ईरान के राष्ट्रपति ने कहा था कि ईरान पड़ोसी देशों पर हमले रोक सकता है, लेकिन अगर वहां से ईरान पर हमला हुआ तो जवाब दिया जाएगा।

## आईसीएआई चंडीगढ़ शाखा की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** आईसीएआई की उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद की चंडीगढ़ शाखा द्वारा आईसीएआई भवन, चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष सीए साहिल गर्ग, उपाध्यक्ष सीए रचित गोयल, सचिव सीए साहिल मित्तल, निकासा अध्यक्ष सीए संजीव कुमार तथा कार्यकारी सदस्य सीए शुभम मोंगा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संयोजन महिला सशक्तिकरण समिति की प्रमुख सीए आशीषा मित्तल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथियों सीए अंजू गोयल (सदस्य, हरियाणा वैट ट्रिब्यूनल), सीए नलिनी मलिक, डॉ. रीटा कालरा (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट, रोटरी) तथा श्रीमती रंजीता मेहता (पूर्व मानद महासचिव, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद) ने अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 10 युवा महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के प्रेरक वक्तव्य रहे, जिन्होंने पेशेवर विकास, नेतृत्व और व्यक्तिगत उन्नति से जुड़े विषयों पर अपने अनुभव साझा किए।

शाखा प्रबंधन समिति ने सदस्यों से शाखा को और सशक्त बनाने तथा पेशे की उन्नति के लिए अपने सुझाव एवं सक्रिय सहभागिता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ और सदस्यों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की सराहना की।



## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से बढ़ रहा : रूपाली

■ **सैक्टर-21 में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक, सरकार की योजनाओं के प्रचार पर जोर**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** भाजपा की जिला कार्यकारिणी सदस्य रूपाली तथा विनीत जैन ने नगर निगम के वार्ड-13, सैक्टर-21 में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार प्रदेश को तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि जो कार्य कांग्रेस सरकार लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद नहीं कर पाई, वह भाजपा सरकार ने कम समय में कर दिखाया है। भाजपा की विकासोन्मुख नीतियों के कारण देश और प्रदेश प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।

बैठक में कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने और पार्टी संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर सैक्टर-21 से दीपक गोयल, धीरज गोयल, चंदन बंसल, ज्योति, पवन गर्ग, अमित गोयल, अरुण गोयल, टेक चंद गोयल, अरुण गर्ग, राजेश गोयल, संजीव बंसल सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अजय और बिंदु मित्तल को दिया महिला दिवस कार्यक्रम का निमंत्रण

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** सेक्टर-21 के निवासियों की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रविवार, 8 मार्च को शाम 4 बजे पार्क नंबर 2109, सेक्टर-21 (हाउस नंबर 720 के सामने) पंचकूला में आयोजित होगा। सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन विपिन लिड्?डू ने शनिवार को पंचकूला जिला भाजपा अध्यक्ष अजय मित्तल से मुलाकात की।



उनके साथ सेक्टर-21 की महिला शक्ति भी थी। उन्होंने अजय मित्तल एवं उनकी धर्मपत्नी बिंदु मित्तल को महिला दिवस कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया। आयोजक विपिन लिड्डू ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आयोजन में शहर की कई गणमान्य महिलाएं और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगी। विपिन लिड्?डू ने बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि हरियाणा भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया होंगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा पंचकूला के जिला अध्यक्ष अजय मित्तल व उनकी धर्मपत्नी अंजू मित्तल कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके अलावा भाजपा पंचकूला महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनुराधा पुरी को कार्यक्रम में गेस्ट आफ आनर के रूप में आमंत्रित किया गया है। निवासियों ने क्षेत्र के लोगों, खासकर महिलाओं से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है, ताकि महिला दिवस को उत्साह और सम्मान के साथ मनाया जा सके।

### मंडलों में वक्ता तैयार करने के लिए भाजपा का प्रशिक्षण महा अभियान शुरू

**चंडीगढ़, 7 मार्च।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत मंडल स्तर पर वक्ता तैयार करने के लिए भाजपा का शनिवार से मंडल स्तरीय प्रशिक्षण महाअभियान शुरू हो गया है। पहले ही दिन 66 मंडलों में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। यह अभियान 14 अप्रैल तक चलेगा। सभी 377 मंडलों में होने वाले इस प्रशिक्षण अभियान में विधायक, प्रवक्ता और चेयरमैन वक्ता के रूप में शामिल रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को विचारधारा की स्पष्टता, संगठन की मजबूती और जनसेवा के लिए तैयार करना। प्रदेश के सभी 377 मंडलों में प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को 'एआई' टूल का उपयोग, सोशल मीडिया पर काम तथा बूथ प्रबंधन सिखाया जाएगा, ताकि काम को और अधिक आसान और आधुनिक बनाया जा सके। इस अभियान के तहत मंडल स्तरीय प्रशिक्षणों में कार्यकर्ताओं का रात्रि विश्राम भी अनिवार्य किया गया है ताकि आपसी समन्वय को मजबूत किया जा सके। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल ब?ौली ने कहा कि प्रशिक्षण ही संगठन की वास्तविक शक्ति है।

## श्री कृष्ण कृपा परिवार ट्रस्ट पंचकूला के सदस्यों ने एकांश ढुल को दी बधाई



■ **पंचकूला निवासी एकांश ढुल ने यूपीएससी में तीसरा स्थान हासिल पूरे देश में प्रदेश का नाम रौशन किया है**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** श्री कृष्ण कृपा परिवार ट्रस्ट पंचकूला के सदस्यों ने चेयरमैन श्याम लाल बंसल के नेतृत्व में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी)द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के अंतिम परिणाम में पंचकूला के एकांश ढुल के देशभर में तीसरा स्थान हासिल करने पर उनके निवास स्थान पहुंचकर उन्हें और उनके परिवार को बधाई दी।

इस अवसर पर चेयरमैन श्याम लाल बंसल, प्रधान परमिंदर ढींगरा, ट्रस्टी विनीत जैन तथा बृजभान गर्ग ने परिवार से मुलाकात कर एकांश की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। परिवार के सदस्य विनीत जैन ने बताया कि 25 वर्षीय एकांश ढुल ने अपनी मेहनत और लगन से पंचकूला व हरियाणा का नाम पूरे देश में रोशन किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है।

एकांश ढुल भाजपा नेता कृष्ण ढुल के पुत्र हैं और पंचकूला के सेक्टर-12ए के निवासी हैं। उनकी इस बड़ी सफलता से परिवार, मित्रों और पूरे जिले में खुशी का माहौल है।

### बंगाल में चुनाव प्रचार को उतरेंगे हरियाणा के नेता

**चंडीगढ़।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावी रण में हरियाणा भाजपा की स्पेशल टीम चुनाव प्रचार की कमान संभालेगी। भाजपा ने अनुभवी और वरिष्ठ नेताओं को प्रचार का जिम्मा सौंपा है, ताकि जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाया जा सके।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली की ओर से जारी सूची के अनुसार हरियाणा के 27 वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों को पश्चिम बंगाल में पार्टी संगठन को मजबूत करने और चुनाव प्रचार को गति देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन नेताओं में पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल, पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, कैप्टन योगेश बैरागी सहित वरिष्ठ नेता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, पूर्व मेयर प्रत्याशी नगर निगम सुंदरलाल सरपंच, पूर्व जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, पूर्व प्रत्याशी महम विधानसभा दीपक हुड्डा, कुरुक्षेत्र के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि बत्तान, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव गंगवा, पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज शर्मा,और सीएम विंडो एमीनेंट पर्सन मुकेश कुमार पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे।

**महंगाई** | अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग व मिडिल ईस्ट में तनाव से आम आदमी की जेब होगी ढीली

## घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 60 और कमर्शियल 114.5 रुपए बढ़ी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली, 7 मार्च।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग व मिडिल ईस्ट में तनाव का असर अब भारत के आम आदमी पर भी पड़ना शुरू हो गया है।

तेल कंपनियों ने शनिवार को घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए और कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपए की बढ़ोतरी की गई, जिसको लेकर लोगों की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। एलपीजी की बढ़ी कीमतों पर अयोध्या की एक महिला ने आईएएनएस से कहा कि सरकार कहती है कि गरीबों की मदद करने वाला कोई नहीं है। हर चीज की कीमतें बढ़ रही हैं, हम कैसे गुजारा करेंगे? अयोध्या के एक शख्स ने आईएएनएस से कहा कि अगर कीमत में काफी वृद्धि होती है, तो निश्चित रूप से समस्या होगी, लेकिन हमें इसे खरीदना ही होगा। हमारे पास और क्या विकल्प है? यहां तक ??कि हमारे द्वारा किए जाने वाले छोटे-मोटे कामों में भी लागत का असर महसूस होता है और हम इससे बच नहीं सकते।





एक और व्यक्ति ने आईएएनएस कहा कि पेट्रोल की बढ़ती कीमतें स्वाभाविक रूप से बहुत मुश्किल हैं। कीमतें लगातार बढ़ रही हैं तो हम क्या कर सकते हैं? हम पेट्रोल के बिना काम नहीं चला सकते, यह एक आवश्यकता है। महाराष्ट्र के नासिक में घरेलू और व्यावसायिक गैस की बढ़ी कीमतों से व्यापारी परेशान हो गए हैं। नासिक की रहने वाली रोशनी कुलकर्णी ने कहा कि संघर्ष की वजह से सरकार ने गैस के जो दाम बढ़ाए हैं, उसको थोड़ा कम करना चाहिए। रेट बढ़ने से हमारा बजट कोलेप्स हो जाता है।

### पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल 55 रुपए महंगा

पाकिस्तान ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 20त्न की बढ़ोतरी की है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 55 रुपए (पाकिस्तानी रुपया) प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत अब 335.86 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल 321.17 रुपए प्रति लीटर के स्तर पर पहुंच गया है। सरकार का तर्क है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग व मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़े हैं, जिसकी वजह से यह फैसला लेना पड़ा। पेट्रोल पंपों पर भीड़ जमा हुई कीमतों में बढ़ोतरी की खबर आने के बाद होते ही पाकिस्तान के बड़े शहरों जैसे लाहौर और कराची में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग घंटों अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में कहीं तेल की किल्लत न हो जाए।

# श्री आनंदपुर साहिब में विश्व स्तरीय 'श्री गुरु तेग बहादुर विश्वविद्यालय' बनेगा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंजाब कैबिनेट के फैसले**

**चंडीगढ़, 7 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में शनिवार को कैबिनेट बैठक हुई, जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल ने श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर एक विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय स्थापित करने को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, कैबिनेट ने विश्वविद्यालय की स्थापना से संबंधित ड्राफ्ट बिल को भी मंजूरी दी है। साथ ही विश्वविद्यालय की स्थापना समय पर सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक फैसले लेने हेतु मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है।

मंत्रिमंडल ने 'पंजाब उद्योग क्रांति' के तहत औद्योगिक और व्यापार विकास नीति-2026 को भी मंजूरी दी है। इस नीति में सेक्टर आधारित योजनाएं और स्पष्ट दिशानिर्देश शामिल किए गए हैं। इसका उद्देश्य राज्य में वित्तीय रियायतें देना, क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और उभरते उद्योगों को प्रोत्साहित करना है। इससे राज्य में आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने और पंजाब को तेज आर्थिक विकास की दिशा में आगे बढ़ाने की उम्मीद है।



### स्वास्थ्य विभाग के नियमों में संशोधन

मंत्रिमंडल ने 'पंजाब स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तकनीकी (ग्रुप-सी) सेवा नियम-2016' में संशोधन को मंजूरी दी है। इसके तहत फार्मासिस्ट पद के लिए डिप्लोमा इन फार्मेसी को अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता के रूप में शामिल किया गया है। इससे डिप्लोमा धारकों को फार्मासिस्ट पद के लिए आवेदन करने का अवसर मिलेगा और राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी।

### खिलाड़ियों के लिए आरक्षण नीति और बेहतर

कैबिनेट ने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले के दौरान खिलाड़ियों को मिलने वाले आरक्षण को अधिक व्यवस्थित बनाने के लिए नई नीति को मंजूरी दी है। नई नीति के तहत खेल उपलब्धियों के प्रमाण पत्रों को अंक देने के लिए स्पष्ट और सरल मानदंड तय किए गए हैं। इसमें 75 प्रतिशत महत्व खेल उपलब्धियों को और 25 प्रतिशत महत्व प्रवेश परीक्षा के प्रदर्शन को दिया जाएगा।

### कॉलेजों में 1158 पदों पर भर्ती

कैबिनेट ने राज्य के सरकारी कॉलेजों में 1,158 पदों पर भर्ती की मंजूरी दी है, जिनमें 1,091 सहायक प्रोफेसर और 67 लाइब्रेरियन शामिल हैं। यह भर्ती पंजाब लोक सेवा आयोग (पीपीएससी) के माध्यम से यूजीसी नियम-2018 के अनुसार की जाएगी। सभी उम्मीदवारों को निष्पक्ष अवसर देने के लिए 19 अक्टूबर 2021 के विज्ञापन के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में एक बार की छूट दी जाएगी। आरक्षित वर्ग को सरकार की मौजूदा नीति के अनुसार अतिरिक्त आयु छूट मिलेगी।

### शहीद होमगार्ड वालंटियर के परिवार को एक करोड़ रुपए की सहायता

कैबिनेट ने पंजाब होमगार्ड के शहीद वालंटियर अशोक कुमार (नंबर 25140/जीएसपी) के परिवार को विशेष मामले के रूप में 1 करोड़ रुपये की एक्स-ग्रेशिया सहायता देने को मंजूरी दी है। उन्होंने हाल ही में गुरदासपुर में ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाई थी। देश की एकता, अखंडता और प्रभुसत्ता की रक्षा में उनके योगदान को सम्मान देते हुए यह फैसला लिया गया है।

**क्रशर यूनिट संशोधन बिल-2026 को विधानसभा में पेश करने की मंजूरी:** मंत्रिमंडल ने विधानसभा के मौजूदा सत्र में 'पंजाब रेगुलेशन ऑफ क्रशर यूनिट, स्टॉकिस्ट एंड रिटेलर्स (संशोधन) बिल-2026' पेश करने को भी मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य मौजूदा अध्यादेश को अधिनियम में बदलना है।

### एमआईसीई प्रोजेक्ट को मंजूरी

कैबिनेट ने विश्व स्तरीय एमआईसीई (मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एक्जीबिशन) प्रोजेक्ट और बहु-उद्देशीय ढांचे को मंजूरी दी है, जिससे राज्य में व्यावसायिक, वैज्ञानिक, शैक्षिक और सरकारी आयोजनों को बढ़ावा मिलेगा।

**मेडिसिटी नीति-2014 में संशोधन:** मंत्रिमंडल ने मेडिसिटी नीति-2014 में संशोधन को भी मंजूरी दी है। इसके तहत कुछ स्थानों को नीति के माध्यम से और कुछ को ई-नीलामी के जरिए आवंटित किया जाएगा। भूमि का उपयोग केवल अस्पतालों के लिए ही किया जा सकेगा।

**स्कूलों के लिए शिक्षा प्लॉट आवंटन नीति:** कैबिनेट ने गमाडा द्वारा के-12 और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों की स्थापना के लिए शिक्षा प्लॉटों की नई आवंटन नीति को भी मंजूरी दी है। यह नीति ग्रेटर मोहाली क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संस्थानों को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई है।

**ग्लाडा संपत्तियों की कीमतों को तर्कसंगत बनाने का फैसला:** मंत्रिमंडल ने ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (ग्लाडा) की संपत्तियों की कीमतों को तर्कसंगत बनाने को भी मंजूरी दी है। संशोधित दरें ई-नीलामी के लिए आधार रिजर्व कीमत के रूप में काम करेंगी और एक वर्ष तक लागू रहेंगी।

**पारिवारिक पेंशन नियमों में संशोधन:** कैबिनेट ने पंजाब सिविल सेवा नियम भाग-2 के नियम 6.17(3) में संशोधन को मंजूरी दी है, जिसके तहत सरकारी कर्मचारियों के आश्रित दिव्यांग भाई-बहनों को भी पारिवारिक पेंशन के दायरे में शामिल किया जाएगा।

**नया 'पंजाब जेल और सुधार सेवाएं बिल-2026':** मंत्रिमंडल ने 'पंजाब जेल और सुधार सेवाएं बिल-2026' को मंजूरी दी है, जो राज्य में लागू जेल एक्ट-1894 की जगह लेगा। इसका उद्देश्य जेल प्रशासन को आधुनिक बनाना और उन्नत तकनीक के जरिए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करना है।

## पंजाब की महिलाओं को हर महीने मिलेंगे एक हजार, एलान जल्द

**खेमकरण।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घोषणा की है कि पंजाब में महिलाओं को जल्द ही हर महीने 1,000 रुपये मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले बजट में महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए यह प्रावधान किया गया है, ताकि उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए घर के मुखिया से पैसे न मांगने प?ें। खेमकरण में 137 करो? रुपये के ग्रामीण लिंक स?क प्रोजेक्ट का शिलान्यास करने के बाद बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार लोगों के सामने मौजूद वास्तविक मुद्दों जैसे नशा, गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी को हल करने पर केंद्रित है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज सीमावर्ती विधानसभा क्षेत्र खेमकरण में 137 करो? रुपये की लागत वाले ग्रामीण लिंक स?क परियोजना का शिलान्यास किया और कहा कि 'आप' सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, रोजगार के अवसर पैदा करने और बेहतर सार्वजनिक सेवाएँ उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

## सिविल सेवाओं परीक्षा में सुनवर्दीप सिंह की सफलता युवाओं के लिए प्रकाश स्तंभ: कुलतार सिंह संधवां

**चंडीगढ़।** पंजाब विधान सभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने यूपीएससी परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने वाले देश के सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को दिल से बधाई दी। उन्होंने कहा कि पंजाब की बेटियों और बेटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

उन्होंने बड़े गर्व के साथ कहा कि पटियाला की सिमरनदीप कौर और रसनीत कौर, बलाचौर की कृतिका चौधरी, मानसा से मनप्रीत कौर और आकृति सिंगला जैसे हीरे ने पूरे देश में पंजाब का नाम चमकाया है।

उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह बहुत गर्व और खुशी की बात है कि फरीदकोट निवासी डॉ. कुलदीप सिंह (डायरेक्टर, पी.ए.यू., फरीदकोट) के पुत्र सुनवर्दीप सिंह ने यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवाओं परीक्षा में 76वां रैंक प्राप्त किया है। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए पंजाब विधान सभा स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि सुनवर्दीप सिंह की यह शानदार सफलता न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे फरीदकोट जिले और समूचे पंजाब के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि युवाओं के लिए बड़ी प्रेरणा है, जो साबित करती है कि कड़ी मेहनत, लगन और मजबूत इरादों से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। संधवां ने कहा कि आज के समय में युवाओं को सुनवर्दीप सिंह की सफलता से सीखने की जरूरत है। विद्यार्थियों को समाज की तरक्की के लिए योगदान देना चाहिए और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुनवर्दीप सिंह जैसे प्रतिभाशाली युवा समाज के लिए प्रकाश स्तंभ सिद्ध होते हैं, जो न केवल खुद आगे बढ़ते हैं बल्कि दूसरों को भी ऊंची उड़ान भरने के लिए प्रेरित करते हैं। स्पीकर संधवां ने डॉ. कुलदीप सिंह और उनके परिवार को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और सुनवर्दीप सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मोहिंदर भगत ने बागवानी परियोजनाओं की प्रगति संबंधी अधिकारियों के साथ विशेष बैठक

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के बागवानी क्षेत्र के विकास और किसानों की आय बढ़ाने के लिए तेजी से काम कर रही है। इसी दिशा में काम करते हुए बागवानी मंत्री मोहिंदर भगत ने कल शाम बागवानी विभाग की विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ पंजाब भवन, चंडीगढ़ में एक विशेष समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर बागवानी प्रशासनिक सचिव अरशदीप सिंह थिंद, निदेशक बागवानी मनीष कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक के दौरान मंत्री ने बागवानी क्षेत्र के विकास और किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए चल रही योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला स्तर की बागवानी नर्सरियों में अधिक से अधिक गुणवत्ता वाले पौधों का उत्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को समय पर उच्च किस्म के पौधे उपलब्ध करवाए जा सकें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे क्षेत्रीय स्तर पर नियमित दौरा करें, किसानों से सीधी बातचीत करें और उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला बागवानी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित मुश्किलों और आवश्यकताओं के बारे में मंत्री को अवगत करवाया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बागवानी नर्सरियों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए विस्तृत रिपोर्ट तुरंत भेजी जाए ताकि जरूरी कदम जल्दी उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि बागवानी के विकास के लिए आधारभूत ढांचे को और मजबूत किया जाएगा। मंत्री ने टेंडर प्रक्रिया से संबंधित कार्यों को भी प्राथमिकता देने के लिए कहा और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य समय पर और पारदर्शी तरीके से पूरे किए जाएं। किसानों को दी जा रही सब्सिडी के मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सब्सिडी से संबंधित सभी मामलों का तुरंत निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को समय पर लाभ मिल सके।

भगत ने अपने हाल ही के महाराष्ट्र दौरे का जिक्र करते हुए वहां के बागवानी मॉडल पर भी चर्चा की और कहा कि पंजाब में भी बागवानी क्षेत्र को आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन के साथ और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य पंजाब को एक मजबूत बागवानी राज्य के रूप में विकसित करना है और इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करके काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बागवानी क्षेत्र के विकास के लिए फंड की कोई कमी नहीं है और अधिकारी पूरी लगन और जिम्मेदारी के साथ काम करें।

इस बैठक के दौरान प्रबंध निदेशक, पंजाब एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन रणबीर सिंह, निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गुरजीत सिंह, मुख्य भूमिपाल मोहिंदरजीत सैनी, निदेशक पनसीड जसवंत सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि (इंजी.) जगदीश सिंह, संयुक्त निदेशक हरमेल सिंह, गुरसरन सिंह तथा उप निदेशक हरप्रीत सेठी एवं अन्य जिला अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## गमाडा ने ई-नीलामी में कमाए लगभग 3137 करोड़: हरदीप सिंह मुंडियां

पंचकूला ऑब्जर्वर

चंडीगढ़। ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा) द्वारा आयोजित संपत्तियों की ई-नीलामी, जो शुक्रवार देर रात समाप्त हुई, को निवेशकों से भरपूर उत्साह मिला है। इस ई-नीलामी से गमाडा को कुल 3136.97 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह ई-नीलामी 14 जनवरी, 2026 को शुरू हुई थी।

ई-नीलामी के लिए प्रस्तुत की गई कुल 42 संपत्तियों में से 37 संपत्तियों की सफ़ल बोली लगी। आवास निर्माण और शहरी विकास मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने इसे बड़ी सफ़लता बताते हुए कहा कि लगभग 90 प्रतिशत संपत्तियों के लिए बोली प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि 2018.84 करोड़ रुपये की आरक्षित कीमत वाली इन साइटों को 3136.97 करोड़ रुपये में बेचा गया, जो एक ही ई-नीलामी में गमाडा द्वारा अब तक प्राप्त किया गया सबसे अधिक राजस्व है। स. हरदीप



सिंह मुंडियां ने ई-नीलामी की इस सफ़लता का श्रेय मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार की निवेशक-पक्षीय नीतियों को देते हुए कहा कि लगातार सफ़ल ई-नीलामियों के कारण राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि संपत्तियों की कीमतों को यथार्थवादी बनाना और बाज़ार के अनुसार मूल्य निर्धारण करना भी इस नीलामी को अच्छा उत्साह मिलने का एक प्रमुख कारण रहा है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि नीलामी से प्राप्त राजस्व को विकास प्राधिकरण अपने अधिकार क्षेत्र में विकास कार्यों के नए मानक स्थापित करने के लिए ख़र्च करेगा।

## मोहिंदर भगत ने नर्सरी उत्पादन बढ़ाने के दिये निर्देश

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 07 मार्च।** पंजाब के बागवानी मंत्री मोहिंदर भगत ने बागवानी अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जिला स्तरीय बागवानी नर्सरियों में अधिकतम संख्या में गुणवत्तापूर्ण पौधों का उत्पादन सुनिश्चित किया जाये, ताकि किसानों को समय पर उच्च गुणवत्ता वाले पौधे उपलब्ध कराये जा सकें।

उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र के दौरे करने, किसानों से सीधे संवाद करने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।

शनिवार को यहां जारी बयान अनुसार श्री भगत ने अधिकारियों को बागवानी नर्सरियों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए तुरंत एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया, ताकि जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाये जा सकें।

उन्होंने अधिकारियों को टेंडर प्रक्रिया से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी कार्य समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरे हों। किसानों को दी जा रही सब्सिडी से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सब्सिडी के सभी लंबित मामलों का त्वरित निपटान किया जाये, ताकि किसानों को बिना किसी देरी के लाभ मिल सके।

अपने हालिया महाराष्ट्र दौरे का जिक्र करते हुए, श्री भगत ने उस राज्य के बागवानी मॉडल पर भी चर्चा की और कहा कि पंजाब में भी बागवानी क्षेत्र को आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन प्रथाओं के साथ और मजबूत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पंजाब को एक मजबूत बागवानी राज्य के रूप में विकसित करना है और इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट लक्ष्यों के साथ काम करना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि बागवानी क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है और अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए।

## मोहाली के आर्यन दत्त बने भारतीय सेना की प्रतिष्ठित 4 हॉर्स रेजीमेंट में कमीशंड अधिकारी

**चंडीगढ़।** महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के 8वें कोर्स के कैडेट आर्यन दत्त को आज ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए), गया में आयोजित पासिंग आउट परेड (पीओपी) के दौरान भारतीय सेना की प्रतिष्ठित 4 हॉर्स रेजीमेंट में कमीशंड अधिकारी के रूप में चुना गया। इस परेड का निरीक्षण लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, पीवीएसएम, एवीएसएम, जीओसी-इन-सी, दक्षिणी कमान ने किया। आर्यन दत्त, जो अब औपचारिक रूप से भारतीय सेना के अधिकारी बन गए हैं, मोहाली निवासी प्रैक्टिसिंग वकील श्रीमती संगीता दत्त और स्वर्गीय कमांडर अमिताभ दत्त के पुत्र हैं। सेना में अधिकारी के रूप में अपनी पारिवारिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए आर्यन अपने पिता के नक्शे-कदमों पर चलते हुए परिवार की दूसरी पीढ़ी के अधिकारी बन गए हैं। उनके पिता भारतीय नौसेना में कमांडर के रूप में सेवा दे चुके थे और वर्ष 2017 में उनका निधन हो गया था।

संस्था के लिए यह गर्व का क्षण है क्योंकि आर्यन दत्त 4 हॉर्स रेजीमेंट में कमीशन प्राप्त करने वाले एमआरएसएएफपीआई के पहले कैडेट बन गए हैं। यह रेजीमेंट न केवल अपनी बहादुरी और विशिष्ट सेवा रिकॉर्ड के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि इसका संस्थान के साथ विशेष संबंध भी है।

## पंजाब सरकार ने आशीर्वाद योजना के तहत 14.16 करोड़ जारी किए: डॉ. बलजीत कौर

- 15 जिलों के 2,777 लाभार्थियों को मिली वित्तीय सहायता
- बेटियों के विवाह के लिए 51,000 की आर्थिक सहायता

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आशीर्वाद योजना के तहत 2,777 पात्र लाभार्थियों को कुल 14.16 करोड़ की वित्तीय सहायता जारी की है। यह जानकारी सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने दी।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि पंजाब सरकार पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे अपनी बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक कर सकें।

उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान आशीर्वाद पोर्टल के माध्यम से श्री अमृतसर साहिब, बरनाला, फरीदकोट, श्री फतेहगढ़ साहिब, गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, लुधियाना, मोगा, श्री मुक्तसर साहिब, पटियाला, एस.ए.एस. नगर, संगरूर, मलेरकोटला और तरनतारन सहित 15 जिलों से प्राप्त आवेदनों में से 2,777 पात्र लाभार्थियों को वित्तीय सहायता जारी की गई है।

कैबिनेट मंत्री ने जिला-वार विवरण देते हुए बताया कि श्री अमृतसर साहिब में 351, बरनाला में 37, फरीदकोट में 59, श्री फतेहगढ़ साहिब में 46, गुरदासपुर में 523, होशियारपुर में 354 और जालंधर में 24 लाभार्थियों को योजना के तहत सहायता दी गई है।

इसी प्रकार लुधियाना में 62, मोगा में 42, श्री मुक्तसर साहिब में 107, पटियाला में 519, एस.ए.एस. नगर में 79, संगरूर में 164, मलेरकोटला में 155 और तरनतारन में 255 लाभार्थियों को भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि आशीर्वाद योजना के तहत पंजाब सरकार पात्र परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए ?51,000 की आर्थिक सहायता प्रदान करती है, जिससे परिवार इस महत्वपूर्ण अवसर को सम्मान और खुशी के साथ मना सकें। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर और पिछड़े वर्गों के परिवारों के लिए बड़ा सहारा साबित हो रही है, जिससे वे अपनी बेटियों का विवाह सम्मान और आत्मसम्मान के साथ कर सकते हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि आवेदनों की प्रक्रिया आशीर्वाद पोर्टल पर सेवा केंद्रों के माध्यम से पारदर्शी और सरल तरीके से जारी रखी जाए, ताकि पात्र परिवारों को बिना किसी परेशानी के योजना का लाभ मिल सके।उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का पंजाब का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है और वह बीपीएल परिवार से संबंधित होना चाहिए, जो अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों या अन्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में आता हो। परिवार की वार्षिक आय सभी स्रोतों से 32,790 से अधिक नहीं होनी चाहिए और योजना के तहत एक पात्र परिवार की अधिकतम दो बेटियां लाभ प्राप्त कर सकती हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि वित्तीय सहायता सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से भेजी जाती है, जिससे पारदर्शिता और समय पर भुगतान सुनिश्चित होता है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि पंजाब सरकार समाज के हर वर्ग की भलाई और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है और पिछड़े तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है।

### भगवंत मान सरकार ने पंजाब के विकास में तेजी लाने व रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रगतिशील औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति-2026 लॉन्च

## नई नीति के तहत दुनिया भर के निवेशकों को पंजाब में कारोबार करने का खुला निमंत्रण: संजीव अरोड़ा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने, बड़े निवेश आकर्षित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति-2026 लॉन्च की है। इस नीति का औपचारिक उद्घाटन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने लुधियाना में उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली और स्थानीय निकाय मंत्री संजीव अरोड़ा की मौजूदगी में किया।

इस अवसर पर करीब 200 प्रमुख उद्योगपतियों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो पंजाब के औद्योगिक भविष्य में बढ़ती रुचि और विश्वास को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह नीति राज्य को निर्माण, सेवाओं और उभरती प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अग्रणी स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब को देश के सबसे आकर्षक निवेश स्थलों में बदलने के लिए यह नीति व्यापक सुधार और प्रोत्साहन प्रदान करती है।

नई नीति के तहत निवेशकों को निवेशक-संचालित प्रोत्साहन ढांचे के माध्यम से स्थिर पूंजी निवेश पर 100 प्रतिशत तक प्रोत्साहन की पेशकश की गई है। इसके साथ ही निवेशकों को अपनी निवेश योजनाओं के अनुसार 20 अलग-अलग प्रोत्साहनों में से लाभदायक पैकेज चुनने की स्वतंत्रता भी दी गई है।



नीति में पहली बार योग्य उद्योगों के लिए पूंजी सब्सिडी की शुरुआत की गई है। इसके अलावा आधुनिकीकरण और विस्तार परियोजनाओं को भी प्रोत्साहन के दायरे में शामिल किया गया है। रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए पात्रता मानदंड को घटाकर 25 करोड़ रुपये निवेश और 50 कर्मचारियों तक कर दिया गया है, जिससे अधिक उद्योगों को इसका लाभ मिल सकेगा।

महिलाओं, एससी/एसटी, दिव्यांगजनों, आईटी/आईटीईएस और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर क्षेत्रों में रोजगार बढ़ाने के लिए विशेष प्रोत्साहन भी दिए जाएंगे। वहीं सीमावर्ती और पिछड़े क्षेत्रों में स्थापित उद्योगों को 25 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा।

नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहन , इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं निर्माण , सेमीकंडक्टर, आईटी/आईटीईएस, फिल्म निर्माण और पर्यटन जैसे क्षेत्रों के लिए समर्पित नीतियां भी शामिल की गई हैं। साथ ही स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए स्टार्टअप सीड ग्रांट में वृद्धि और मोहाली में सरकारी स्टार्टअप हब की स्थापना का प्रावधान किया गया है।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि यह नीति भारत और दुनिया भर के निवेशकों को स्पष्ट संदेश देती है कि पंजाब कारोबार के लिए खुला है। उन्होंने कहा कि निवेशकों को अपनी जरूरत के अनुसार प्रोत्साहन और समय अवधि चुनने की स्वतंत्रता देना इस नीति की सबसे बड़ी खासियत है।

सरकार का मानना है कि यह नीति राज्य में औद्योगिक विकास को तेज करेगी, पंजाब की प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत बनाएगी और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

इसके साथ ही सरकार ने घरेलू और वैश्विक निवेशकों को 13 से 15 मार्च 2026 तक प्लाक्षा यूनिवर्सिटी, मोहाली में आयोजित होने वाले प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन-2026 में भाग लेने का भी निमंत्रण दिया है।

## विजिलेंस ने 10 हजार रिश्वत लेते वरिष्ठ सहायक को किया काबू

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के दौरान एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए सी.आर.सी. शाखा, एस.एस.पी. कार्यालय बरनाला में तैनात वरिष्ठ सहायक दविंदर सिंह को 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। आज यहां यह जानकारी साझा करते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को गांव दानगढ़, जिला बरनाला के एक निवासी द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता पंजाब पुलिस में सहायक सब-इंस्पेक्टर के रूप में कार्यरत है और उसने अपनी सेवा अवधि में विस्तार (सेवा बढ़ाने) के लिए आवेदन किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी वरिष्ठ सहायक दविंदर सिंह ने उसकी सेवा अवधि बढ़ाने में मदद करने के बदले 10,000 रुपये रिश्वत की मांग की। हालांकि शिकायतकर्ता ने रिश्वत देकर अपना काम करवाना उचित नहीं समझा और इस संबंध में विजिलेंस ब्यूरो रेंज, पटियाला में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में आरोपी वरिष्ठ सहायक दविंदर सिंह को शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

इस संबंध में आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो के थाना पटियाला में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# 58 करोड़ से बिछेगा 89 किमी. लंबा स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन नेटवर्क

पंचकूला ऑब्जर्वर

**अंबाला.** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज सिस्टम के तहत अम्बाला छावनी में जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। सदर क्षेत्र में पहले ही स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज सिस्टम सफलतापूर्वक डाली जा चुकी है जिसका लोगों को लाभ मिल रहा है। अब शेष अम्बाला छावनी में इसे यहीं ड्रेनेज पाइपलाइन का जाल बिछाया जाएगा।। दो चरणों में अम्बाला छावनी में स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन डालने का कार्य पूरा होगा। पहले चरण के तहत लगभग 58 करोड़ रुपए की लागत से 89 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन डालने के कार्य को मंजूरी मिल चुकी है जबकि दूसरे चरण के कार्य को जल्द मंजूरी मिलने की संभावना है। श्री विज आज अपने आवास पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ अम्बाला छावनी में स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज प्रोजेक्ट को लेकर समीक्षा कर रहे थे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि प्रोजेक्ट के पहले चरण में 58 करोड़ की लागत से बीसी बाजार, लालकुर्ती, आउटर लार्ज रोड (बिजली बोर्ड दफ्तर से एसडी विद्या स्कूल तक), ट्रिब्यून कालोनी, गोविंद नगर, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सुभाष कालोनी, कस्तूरबा कालोनी के अलावा अन्य कालोनियों में स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन डाली जाएगी। योजना तैयार है और बहुत जल्द जमीनी स्तर पर कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन के डलने से कालोनियों व अन्य स्थानों पर अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिलेगा। ओपन नालियों को बंद किया जाएगा जिससे जल निकासी तो बेहतर होगी साथ ही लोगों को गंदगी से भी भारी राहत मिलेगी व उनका जीवन सुखद बनेगा। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने आज प्रोजेक्ट को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा और समीक्षा की। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य विभाग के एसई अरविंद रोहिल्ला, एक्सईएन हरभजन सिंह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इसी प्रकार, प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के अंतर्गत जगाधरी रोड के दूसरी तरफ महेशनगर से लेकर अंतिम छोर में बसी डिफेंस कालोनी तक सारी कालोनियों में स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन डलेगी। उन्होंने बताया कि विभागीय स्तर पर योजना को तैयार कर लिया गया है और सरकार से जल्द इसकी मंजूरी मिलने की संभावना है।

### सदर क्षेत्र में प्रभावी साबित हुआ स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन

ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से सदर बाजार क्षेत्र में स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन पहले ही डाली जा चुकी है जिसका जनता को लाभ मिल रहा है। सदर क्षेत्र में 12 क्रास रोड तक लगभग 144 बड़े व छोटे नालों को स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन डालकर भूमिगत किया गया था। स्ट्रॉम वॉटर लाइन डलने से बरसातों के समय पानी निकासी बेहतर रही थी। इतना ही नहीं सदर क्षेत्र के मुख्य सेंट्रल नाले को भी स्ट्रॉम वॉटर लाइन डालकर भूमिगत किया गया था। सदर एरिया में नाले भूमिगत होने से गंदगी व मक्खी-मच्छरों से लोगों को निजात मिली है और क्षेत्र में साफ-सफाई पहले से बेहतर हो रही है।

## पुलिस की नाक के नीचे सड़क पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन बने आमजन के लिए 'यमराज'



**लाडवा.** लाडवा में बेधड़क पुलिस प्रशासन की नाक तले चल रहे अवरलोड वाहन न केवल आमजन के लिए यमराज बने हुए है, बल्कि अकसर इन वाहनों से कोई बड़ा हादसा होने का डर भी हमेशा बना रहता है। शनिवार को लाडवा-रादौर मार्ग पर संभालखा मोड़ के पास अचानक एक पराली की गांठों से भरी अवरलोड़ ट्रैक्टर-ट्राली सड़क के बीचों बीच पलट गई।

बताया जाता है कि सड़क पर ट्राली पलटने से सड़क पर एक मोटरसाइकिल पर जा रहे दो युवक ट्राली में लदी गन्ने की पाती की गांठों के नीचे दब गए थे, जिनको मौके पर मौजूद लोगों द्वारा तुरंत निकाल लिया गया।

गनीमत यह रही की वह उन युवकों को कोई चोट नहीं लगी। यह कोई पहली व आखिरी घटना नहीं है। लाडवा की सड़कों पर अकसर इस प्रकार अवरलोड़ वाहनों को दुर्घटनाग्रस्त होते देखा जा सकता है। पुलिस को भी शहर में घूम रहे यह अवरलोड वाहन नजर नहीं आते। पुलिस तो सिर्फ दो पहिया वाहन चालकों के चालान करने तक समिति रह गई है, जबकि सड़कों पर घूम रहे यह अवरलोड़ वाहन सरेमाम न केवल यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है, बल्कि मुसाफिरों के लिए चलते-फिरते यमराज बने हुए है। सड़क के बीचों-बीच गांठों से भरी ट्राली पलटने से आधा दिन सड़क पर जाम की स्थिति भी बनी रहीं और मुसाफिरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। बताया जाता है कि अवरलोड़ होने के कारण ट्राली के नट टूटने से ट्राली के टायर निकलने से यह ट्राली सड़क किनारे पलटी है।

## जग ज्योति दरबार में नवरात्रों तक निरंतर होगा हनुमान चालीसा पाठ

**कुरुक्षेत्र.** जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने श्रद्धालुओं से कहा कि हमें सनातन परम्परा के अनुसार निरंतर अन्य पूजा पाठ के साथ हनुमान चालीसा का पाठ प्रतिदिन करना चाहिए। हनुमान चालीसा से कल्याण के साथ जीवन में शक्ति भी मिलती है। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति के अनुसार हिंदू नववर्ष की शुरुआत चैत्र माह की शुक्ल प्रतिपदा से होती है। हालांकि यह तिथि हर साल बदलती है और हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल हिंदू नववर्ष 19 मार्च को मनाया जाएगा। इसी दिन नवरात्रों की भी शुरुआत होगी। उन्होंने बताया कि जग ज्योति दरबार में नव संवत एवं नवरात्रों से पहले श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रारम्भ किया गया है। भारतीय नववर्ष के मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा उत्साह एवं श्रद्धा के साथ हर वर्ष सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि भगवान श्री राम के परम भक्त वीर हनुमान मां भगवती के भी सेवक हैं। श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने से हनुमान जी की कृपा मिलती है और दुखों व कष्टों से मुक्ति मिलती है। 19 मार्च को विधिवत अनुष्ठान के साथ हनुमान चालीसा का समापन होगा। इस अवसर पर हर्षदीप, सन्नी ढिल्लों, जगतार सिंह, रणदीप सैनी, वीरेंद्र शर्मा, रागिनी शर्मा, ऋतु शर्मा, जसदीप सिंह, संदीप श्योकंद, बलराज श्योकंद व अन्य थे।

## पीएम श्री जीएसएसएस अगौंध में रंगारंग मनाया वार्षिक दिवस

**करनाल.** पीएम श्री जीएसएसएस अगौंध, करनाल में वार्षिक दिवस शुक्रवार को प्रधानाचार्य श्री नरेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसएमसी प्रधान थे। मंच का संचालन ससम्मान श्रीमती अंजू शास्त्री, राजेश कौशिक और जगदीश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट श्री बीरेंद्र सिंह, पीजीटी केमिस्ट्री द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें वर्ष भर के दौरान विद्यालय की उपलब्धियों को उजागर किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों द्वारा श्रीमती रीना चौधरी, श्रीमती रीटा, श्रीमती अनु, श्रीमती सुलेखा और श्री रमेश सिंह के मार्गदर्शन में प्रस्तुत की गईं। शैक्षणिक और खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य नरेश कुमार के प्रेरणादायक भाषण के साथ हुआ। यह समारोह अत्यंत सफल रहा।

## अवैध गैर मान्यता प्राप्त स्कूल मिलकर शिक्षा विभाग से बच्चों का कर रहे हैं भविष्य खराब

पंचकूला ऑब्जर्वर

**टोहाना.** प्रदेश में सरकार जहां सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने का दावा कर रही है वहीं दूसरी ओर शिक्षा विभाग में महिला बाल एवं विकास विभाग के अधिकारी टोहाना शहर में चल रहे अवैध गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों से बच्चों का भविष्य खराब करने में लगे हुए हैं यह गैर मान्यता प्राप्त स्कूल आज से नहीं वर्षों से अधिकारियों की मिली भगत से चल रहे हैं। टोहाना शहर में चल रहे स्कूलों के पास न तो बच्चों के खेलने के लिए खुली जगह उपलब्ध है और न ही बच्चों को पढ़ाने वाले उच्च शैक्षणिक योग्यता (वेल एजुकेटेड स्टाफ) उपलब्ध है।

शहर का शिक्षा खंड शिक्षा अधिकारी को सब कुछ पता होते हुए भी बच्चों का भविष्य खराब व अभिभावकों को धड़ल्ले से लूटवाने का कार्य वर्षों से चल रहा है। पिछले वर्ष अधिकारियों ने गैर मान्यता प्राप्त अवैध स्कूलों को डराने के लिए एक स्कूल पर ताला जड़ने का भी कार्य किया था जबकि उसे स्कूल के पास बच्चों को पढ़ाने के लिए वेल एजुकेटेड स्टाफ वह खुला वातावरण भी उपलब्ध था लोगों में आज तक एक सवाल हरियाणा शिक्षा विभाग के प्रति उसे दिन से जहद में है कि क्या कानून सिर्फ उसी स्कूल के प्रति बने हुए थे और क्षेत्र में चल रहे अवैध गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के लिए कानून नहीं है क्या और स्कूल सभी हरियाणा शिक्षा विभाग के सभी नॉर्म निर्देश पूरे करते हुए चल रहे हैं शहर के मेन रोड, पुरानी सब्जी मंडी , शहर की बंद गलियों में जो स्कूल वर्षों से चल रहे हैं क्या वह सब बच्चों का भविष्य उज्जवल कर रहे हैं कई स्कूल वाले खुद गैर मान्यता प्राप्त होते हुए भी अपने स्कूल में छोटी सी जगह में चलाए हुए स्कूल में जगह वार्षिक समारोह की न होते हुए अभिभावकों को स्कूल के प्रति आकर्षित करने के लिए स्कूल से काफी दूरी दूरी पर कराये की बिल्डिंगों में समारोह करते दिखाई दे रहे हैं। शिक्षा मंत्री महिपाल डांडा से टोहाना क्षेत्र के लोगों की मांग है कि नये शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले इन पर बनती कार्यवाही की जाए ताकि बच्चों का भविष्य खराब होने से बचाया जा सके।

## झरोठी गांव के पास सड़क किनारे मिला युवक का शव, हत्या से मचा हड़कंप

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत जिले में एक सनसनीखेज हत्याकांड ने इलाके में दहशत फैला दी है। झरोठी गांव के नजदीक सड़क के किनारे एक युवक का शव मिला है, जिसकी पहचान ककरोई निवासी विजय (29 वर्ष) के रूप में हुई है। विजय सोनीपत नगर निगम में सफाई कर्मचारी के तौर पर काम करता था। शव पर तेजधार हथियार से किए गए कई गंभीर वार के निशान मिले हैं, जिससे साफ है कि यह हत्या की वारदात है। पुलिस के अनुसार, विजय 4 मार्च को होली के दिन दोपहर से लापता था। परिजनों ने बताया कि शाम को उसके एक दोस्त का फोन आया था, जिसके बाद वह घर से निकल गया था और फिर वापस नहीं लौटा। कई दिनों तक खोजबीन के बाद 7 मार्च को झरोठी के पास सड़क किनारे उसका शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही खरखौदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर सीआईए स्टाफ और एफएसएल की टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस के आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच के निर्देश दिए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के नागरिक अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त कर जांच शुरू कर दी है। जांचकर्ता यह पता लगाने में जुटे हैं कि विजय आखिरी बार कहां गया था, उसके दोस्त का नाम क्या है और हत्या का कारण क्या हो सकता है। फिलहाल पुलिस इसे गंभीर अपराध मानकर जांच कर रही है और जल्द ही सुराग मिलने की उम्मीद जता रही है। इस घटना से इलाके में लोगों में डर का माहौल है। परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं। खरखौदा थाना पुलिस मामले के हर पहलू से छानबीन कर रही है और जल्द ही हत्यारों तक पहुंचने का दावा कर रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को कोई जानकारी हो तो तुरंत सूचित करें।

## दुर्भाग्यपूर्ण है कि बीजेपी सरकार विदेशी दबाव में फैसले ले रही है : भूपेंद्र हुड्डा



**चंडीगढ़.** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा बढ़ती महंगाई, विदेशी दबाव और राज्यसभा चुनाव पर प्रतिक्रिया दी है। हुड्डा ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि बीजेपी सरकार में महंगाई लगातार विकराल होती जा रही है। पेट्रोल-डीजल के बाद लगातार गैस सिलेंडर के दामों में हो रही बढ़ोतरी गरीब व मध्यम वर्ग की जेब पर सीधा डाका है। कमरतोड़ महंगाई के चलते आम आदमी का जीन दुश्वार हो गया है। हुड्डा ने जोर देकर कहा कि सरकार को कम से कम रसोई में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक वस्तुओं जैसे गैस, तेल और अन्य खाद्य सामग्रियों के दामों पर नियंत्रण रखना चाहिए ताकि लोग कम से कम दो जून की रोट तो खा सकें। लेकिन ऐसा करने की बजाए गैस के रेट को बढ़ाना जनता के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है। इसके अलावा, हुड्डा ने अंतरराष्ट्रीय तेल आयात जैसे महत्वपूर्ण फैसलों पर अमेरिकी दबाव का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार की विदेश नीति पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि आज की स्थिति ऐसी हो गई है कि तेल लाने जैसे बुनियादी निर्णयों के लिए भी सरकार को दूसरे देशों से सर्टिफिकेट लेना पड़ रहा है और 30 दिनों की मोहलत मांगी जा रही है। यह शर्मनाक है कि एक आजाद देश होने के बावजूद हमें किसी अन्य राष्ट्र से इजाजत लेनी पड़ रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि जो डील हुई है, वह दबाव में हुई है और देश की संप्रभुता पर सवाल खड़े करती है। राज्यसभा चुनाव को लेकर हुड्डा ने एक बड़ा बयान देते हुए स्पष्ट किया कि चुनाव में कांग्रेस की जीत तय। आंकड़ों के मुताबिक एक सीट बीजेपी के खाते में जाएगी और दूसरी कांग्रेस जीतेगी। लेकिन बीजेपी ने अपने दो उम्मीदवार चुनाव में उतारे है,ऐसे में बीजेपी को तय करना है कि वो अपने 2 उम्मीदवारों में से किसे जितवाना चाहती है। क्योंकि आकंड़ों के मुताबिक उसके खाते में सिर्फ एक ही सीट जाएगी। और दूसरी सीट पर कांग्रेस अपनी सीट सुनिश्चित करेगी।

## प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं की क्षमता, दक्षता और वैचारिक स्पष्टता में वृद्धि होती है : बड़ौली

**चंडीगढ़.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत मंडल स्तर पर वक्ता तैयार करने के लिए भाजपा का शनिवार से मंडल स्तरीय प्रशिक्षण महाअभियान शुरू हो गया है। पहले ही दिन 66 मंडलों में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। यह अभियान 14 अप्रैल तक चलेगा। सभी 377 मंडलों में होने वाले इस प्रशिक्षण अभियान में विधायक, प्रवक्ता और चेयरमैन वक्ता के रूप में शामिल रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को विचारधारा की स्पष्टता, संगठन की मजबूती और जनसेवा के लिए तैयार करना।

प्रदेश के सभी 377 मंडलों में प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को 'एआई' टूल का उपयोग, सोशल मीडिया पर काम तथा बूथ प्रबंधन सिखाया जाएगा, ताकि काम को और अधिक आसान और आधुनिक बनाया जा सके। इस अभियान के तहत मंडल स्तरीय प्रशिक्षणों में कार्यकर्ताओं का रात्रि विश्राम भी अनिवार्य किया गया है ताकि आपसी समन्वय को मजबूत किया जा सके। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रशिक्षण ही संगठन की वास्तविक शक्ति है। यह प्रशिक्षण अभियान पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अभियान एक सतत प्रक्रिया है जो कार्यकर्ताओं को तराशने का माध्यम है। कार्यशालाओं में कार्यकर्ता जो सीखता है वह बढ़ता है, जो सीखना बंद कर देता है वो बढ़ना भी बंद कर देता है। श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है और प्रशिक्षण से उसकी क्षमता, दक्षता और वैचारिक स्पष्टता में वृद्धि होती है।

श्री बड़ौली ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि भाजपा की आत्मा, उसकी वैचारिक प्रतिबद्धता और उसके कार्यकर्ता निर्माण की निरंतर चलने वाली साधना का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन कार्यकर्ता आधारित है और हमारा कार्यकर्ता विचारधारा आधारित है। व्यक्ति निर्माण से ही संगठन का निर्माण होता है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को संगठन सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम बताते हुए मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन ही भाजपा की कार्यसंस्कृति की आधारशिला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता इस प्रशिक्षण अभियान को पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और आत्मचिंतन के साथ आत्मसात करें और राष्ट्र सेवा के पथ पर और अधिक दृढ़ता से आगे बढ़ें। बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की नायब सैनी सरकार जनआकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है। हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाएं बना रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट में भी सभी वर्गों पर फोकस किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जो बजट पेश किया है वह सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के अनुरूप है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकर्ता नायब सैनी सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं।

## लुवास विश्वविद्यालय की स्क्वैश टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट के लिए मुंबई रवाना

**हिसार.** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार की 12 सदस्यीय स्क्वैश टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी स्क्वैश टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मुंबई स्थित सोमैया विश्वविद्यालय के लिए रवाना हुई। इस टीम में 6 पुरुष और 6 महिला खिलाड़ी शामिल हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देकर टीम को रवाना किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि लुवास के खिलाड़ी अनुशासन, समर्पण और टीम भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन करें। छात्र कल्याण निदेशक (डीएसडब्ल्यू) डॉ. संदीप कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएँ और अवसर प्रदान करने के लिए सदैव प्रयासरत है। उन्होंने खिलाड़ियों को आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। सहायक छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. यशवंत सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच है। उन्होंने उम्मीद जताई कि लुवास की टीम पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन करेगी। स्क्वैश खेल के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि टीम के सभी खिलाड़ी अच्छी तैयारी के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे हैं।

## शहीद स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ को दी गई अंतिम विदाई

**रोहतक.** असम के कार्बी आंगलोंग में हुई सुखोई (एसयू-30 एमकेआई) विमान दुर्घटना में शहीद हुए स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ का शनिवार को उनके पैतृक गांव ककराना में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश सरकार की ओर से सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने शहीद स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। अपने श्रद्धांजलि संदेश में उन्होंने कहा कि शहीद अनुज वशिष्ठ की कमी न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे देश को हमेशा महसूस होगी। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव याद रखा जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से रोहतक के एसडीएम आशीष कुमार ने भी पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद को श्रद्धांजलि दी। शहीद की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर शहीद अनुज वशिष्ठ अमर रहें के नारे लगाए और अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर वायु सेना की टुकड़ी द्वारा हवा में फायर कर शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## 17 फुट के आधार पर टिका है 115 फीट ऊंचा महाकाल का भव्य मंदिर

**करनाल.** उत्तर भारत में अपनी तरह का पहला भगवान महादेव का मंदिर जिसकी ऊंचाई 115 फोट हैं। और 17 पुट के अधार पर बना हुआ है। जहां पर मंजी पर बैठ कर गुरुनानक देव जी ने चर्चा की थी। उसी के पास बना हुआ सनातन धर्म शिव मंदिर अपने आप में करिश्मा अपने आप में समेटे हुए हैं। गुरुद्वारा और मंदिर धर्म निरपेक्षता की कहानी बयां करता है। ऐतहासिक मंजी साहिब गुरुद्वारा के पास यह मंदिर बना हुआ है। इसकी मान्यता है। जो चालीस दिन तक यहां पर दीया जलाता है उसकी मन्नत पूरी होती हैं। यहां पर प्रतिष्ठित महाकाल की प्रतिमा जिस के ललाट पर तीसरी आंख विराजमान है। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है यह मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ हैं। सनातन धर्म शिव मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश जिंदल कहते हैं। इस मंदिर के साथ वह शुरू से ही जुड़े हुए है। इस मंदिर की कहानी भी दिलचस्प है। इस मंदिर का निर्माण 1976 में हुआ था। इस मंदिर केनिमांण के स्ते में कई रुकावटें आई थी लेकिन इस मंदिर का निर्माण हुआ।

## एक नजर

### सशक्त नारी विषय पर गोष्ठी, 15 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**नरवाना.** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक किसान प्रशिक्षण केंद्र, सच्चा खेड़ा जींद में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सशक्त नारी विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा 15 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भाकृअनुप-राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र एनआरसीई, हिसार के वित्तीय सहयोग से एससी एसपी योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजयोगिनी बी.के. सीमा प्रभारी, ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र नरवाना ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर केंद्र के निदेशक हितेश कालरा, सच्चा खेड़ा सरपंच प्रतिनिधि शिशपाल, डॉ. साधु राम, दलबीर, बी.के. पूजा दीदी ब्रह्माकुमारीज और डॉ. स्वेता नैन पशु चिकित्सक, हाथो भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि बी.के. सीमा दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं में अपार शक्ति और प्रतिभा होती है। यदि उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे समाज और परिवार के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। केंद्र के निदेशक हितेश कालरा ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में महिलाओं का आत्मनिर्भर बनना अत्यंत आवश्यक है। कौशल आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकती हैं, बल्कि समाज में भी सशक्त भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिलाई मशीन का सही उपयोग, कपड़ों की कटिंग, विभिन्न प्रकार के परिधानों की सिलाई तथा डिजाइनिंग की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण के बाद वे स्वयं का कार्य शुरू कर सकें।

### प्लेसमेंट ड्राइव में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**रादौर.** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के 12 छात्रों ने मोहाली की प्रतिष्ठित आईटी कंपनी डीफैक्टो इन्फोटेक में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना स्थान सुरक्षित किया है। 17 फरवरी 2026 को आयोजित विशाल प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न विभागों के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भर्ती अभियान में बी.टेक, बीसीए, बीबीए व एमबीए स्ट्रीम के छात्रों ने भाग लिया। कंपनी की ओर से मार्केटिंग एवं स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप मैनेजर, सुश्री दीक्षा सूरी ने चयन प्रक्रिया का नेतृत्व किया। उन्होंने छात्रों के तकनीकी कौशल, संचार क्षमता व समस्या समाधान के दृष्टिकोण की सराहना करते हुए बताया कि चयनित छात्र कंपनी की भविष्य की रणनीतियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने चयनित छात्रों व उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत व हमारे संकाय के मार्गदर्शन का परिणाम है। डीफैक्टो इन्फोटेक जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में चयन होना हमारे शैक्षणिक मानकों की पुष्टि करता है। वहीं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर दित्या मोंगा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि संस्थान का लक्ष्य अपने हर छात्र को उद्योग की जरूरतों के अनुसार तैयार करना है। उन्होंने सुश्री दीक्षा सूरी, कंपनी की टीम का आभार व्यक्त किया और चयनित 12 छात्रों को उनके करियर की नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं। चयनित छात्रों में इस सफलता को लेकर भारी उत्साह देखा गया और उन्होंने इस अवसर के लिए कॉलेज के प्लेसमेंट सेल का धन्यवाद किया।

### नव संवत्सर महोत्सव का भव्य आयोजन

**मुलाना.** भारत माता मंदिर, डेरा बाबा परसराम मुलाना में नव संवत्सर महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 18 मार्च की शाम को सांस्कृतिक संध्या तथा 19 मार्च 2026 को नववर्ष के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन होगा। आयोजन समिति के अनुसार हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 18 मार्च बुधवार को सायं 6:30 बजे से 'एक शाम गौरवशाली भारत के नाम卐 शीर्षक के तहत सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी, जिसमें विभिन्न विद्यालयों व संस्थाओं के बच्चे देशभक्ति व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के पश्चात भंडारे की व्यवस्था भी रहेगी। इस अवसर पर योगपीठाधीश्वर डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद जी का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील जैन बराड़ा करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री असीम गोयल मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत ब्रिगेडियर प्रदीप कौशिक तथा मुख्य वक्ता के रूप में रूपेश कुमार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम मे गणमान्य लोग भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे, जिनमें जिला संघ चालक अंबाला प्रदीप खेड़ा, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग सदस्य अमर सिंह, हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त नीता खेड़ा, पूर्व मंत्री संतोष सारवान, जिला परिषद सदस्य दीपिका शर्मा शामिल है। आयोजन समिति ने बताया कि 9 से 19 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 6:15 बजे तक प्रभात फेरी भी निकाली जाएगी , जो देवी माता बाला सुंदरी मंदिर से प्रारंभ होती है। 19 मार्च 2026, वीरवार को सुबह 10 बजे हवन यज्ञ होगा, जिसके मुख्य यजमान साहिल वर्मा होंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### स्कूल बैग वितरण समारोह आयोजित

**पिहोवा.** रोटरी क्लब पिहोवा द्वारा समाज सेवा के अंतर्गत गांव डेरा फतेह सिंह के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग, कॉपियां, पेंसिल, रबर तथा अन्य स्टेशनरी का सामान वितरित किया गया। रोटरी क्लब द्वारा गांव में जनहित को ध्यान में रखते हुए सोलर लाइटों की स्थापना भी करवाई गई। क्लब द्वारा गांव के सामुदायिक केंद्र, अस्पताल, गुरुद्वारा साहिब तथा आंगनवाड़ी केंद्र के बाहर सोलर लाइटें लगवाई गईं। इस अवसर पर कुलदीप सिंह मुल्तानी, महेंद्र सिंह, प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा, परमजीत चट्ठा, जोगिंदर सिंह बेदी रोटरी क्लब के सभी सदस्य तथा गांव के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलदीप सिंह मुल्तानी ने कहा कि रोटरी क्लब एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जिसके सेवा कार्यों से पूरा विश्व परिचित है और समाज के विभिन्न वर्गों को इससे लाभ मिल रहा है। रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य डॉ. अवनीत वड़ैच ने उपस्थित ग्रामीणों को रोटरी क्लब के सदस्यों से परिचित करवाया तथा इस कार्य के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रोटरी क्लब जरूरतमंद बच्चों की सहायता के लिए निरंतर कार्य करता रहा है। उन्होंने बताया कि क्लब द्वारा कई स्कूलों में बच्चों के लिए बेंच, स्टेशनरी, वाटर कूलर की व्यवस्था तथा स्वच्छ शौचालयों का निर्माण भी करवाया गया है। रोटरी क्लब पिहोवा के प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा ने कहा कि रोटरी क्लब को केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि रोटरी इंटरनेशनल से भी सहयोग प्राप्त होता है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई जाती है और समाज सेवा के विभिन्न प्रोजेक्ट लगातार चलाए जाते हैं।

### उपायुक्त सुनेंगे नागरिकों की समस्याएं

**पिहोवा.** उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल दून ने कहा कि सोमवार को एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस बार स्वयं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका मौके पर समाधान करेंगे। इतना ही नहीं उपायुक्त एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण करेंगे। उपायुक्त दोपहर 3 बजे से लेकर 5 बजे तक इस्माईलाबाद के भी सब तहसील कार्यालय का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियो को शिविर में उपस्थित रहने के आदेश दिए। इस शिविर में उपायुक्त का प्रयास रहेगा कि उपमंडल पिहोवा के सभी नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा सके। इसके साथ ही पिछले समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं का समाधान करने से सम्बन्धित एटीआर भी पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करे ताकि सहजता से समाधान शिविरों की शिकायतों की समीक्षा हो सके।

# दो बड़े प्रोजेक्ट्स से सलमान की बढ़ीं उम्मीदें



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के लिए आने वाला समय पेशेवर मोर्चे पर काफी अहम माना जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके पास इस समय दो बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम करने की संभावनाएं हैं, जो उनके करियर को नई गति दे सकते हैं। बताया जा रहा है कि सलमान खान ने निर्माता Dil Raju और निर्देशक Vamshi Paidipally के साथ एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल 2026 से शुरू हो सकती है। फिल्म में सलमान खान एक नए अंदाज और अलग लुक में नजर आ सकते हैं। निर्माता इस प्रोजेक्ट को बड़े पैमाने पर बनाने की योजना बना रहे हैं और इसमें हिंदी व दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग के कलाकारों को शामिल किए जाने की संभावना है। फिल्म में सलमान के साथ मुख्य अभिनेत्री के चयन को लेकर बातचीत जारी है। कहा जा रहा है कि अभिनेता को फिल्म की कहानी और इसका प्रस्तुतिकरण पसंद आया है। यह एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर होगी, जिसमें एक मजबूत भावनात्मक कहानी भी देखने को मिल सकती है। इसके अलावा खबर है कि इस फिल्म के बाद सलमान खान फिल्ममेकर जोड़ी Raj Nidimoru और Krishna D.K. के साथ एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं। यह प्रोजेक्ट एक सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म बताया जा रहा है, जिसमें एक ऐसे सुपरहीरो की कहानी होगी जो लंबे समय तक दुनिया को बचाने के बाद अपने किरदार से बाहर निकलना चाहता है। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि यह कहानी हॉलीवुड स्टार Will Smith की फिल्म Hancock से प्रेरित हो सकती है।

## सुर्खियों से सोशल मीडिया तक छाई

# खुशी मुखर्जी




बॉलीवुड की चमकती दुनिया में जहां हर दिन नए चेहरे सामने आते हैं, वहीं कुछ सितारे ऐसे होते हैं जो अपनी अलग पहचान बनाकर लगातार चर्चा में बने रहते हैं। अभिनेत्री खुशी मुखर्जी उन्हीं नामों में तेजी से उभरती हुई एक शख्सियत बन गई हैं। अपने बोल्ड स्क्रीन प्रेज़ेंस, ग्लैमरस अंदाज़ और मजबूत सोशल मीडिया कनेक्शन के कारण वह आजकल मनोरंजन जगत की सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली अभिनेत्रियों में गिनी जा रही हैं। पिछले कुछ समय में खुशी मुखर्जी ने जिस तरह से सुर्खियां बटोरी हैं, वह यह दिखाता है कि आधुनिक दौर में स्टारडम सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं रह गया है। ग्लैमरस पब्लिक अपीयरेंस, वायरल ऑनलाइन मोमेंट्स और फैशन स्टेटमेंट्स के जरिए उन्होंने लगातार दर्शकों और मीडिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उनके लुक्स, इंटरव्यू और नए प्रोजेक्ट्स को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह देखने को मिलता है। मनोरंजन जगत के जानकार मानते हैं कि खुशी मुखर्जी का यह उभार उस नए दौर की झलक है, जहां सितारे फिल्मों के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी अपनी मजबूत मौजूदगी बनाकर दर्शकों से सीधे जुड़ते हैं। यही वजह है कि उनके हर नए कदम पर फैंस और मीडिया की नजरें टिकी रहती हैं। लगातार बढ़ती लोकप्रियता और फैंस की उत्सुकता के बीच खुशी मुखर्जी धीरे-धीरे बॉलीवुड के उन समकालीन चेहरों में अपनी जगह बना रही हैं, जिनकी मौजूदगी सिर्फ पर्दे पर ही नहीं बल्कि सुर्खियों और सोशल मीडिया पर भी बराबर दिखाई देती है।



# टैक्सी में बैठकर प्रियंका ने करवाई थी नाभि की पियर्सिंग

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में अपने शुरुआती दिनों से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है। एक पॉडकास्ट बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि 90 के दशक में फैशन को लेकर उनका अंदाज काफी अलग था और उन्होंने एक बार टैक्सी में बैठकर ही अपनी नाभि में पियर्सिंग करवाई थी। प्रियंका ने बताया कि जब वह किशोरावस्था में थीं, तब उन्हें खुद को सजाना-संवारना बहुत पसंद था। हालांकि उस समय उनका फैशन से कोई खास जुड़ाव नहीं था, लेकिन स्टाइल को लेकर उनका अपना नजरिया था। उन्होंने कहा कि 90 के दशक में हाई स्कूल के दौरान वह फ्लेयर्ड जींस, क्रॉप टॉप और नाभि में पियर्सिंग जैसे ट्रेंड अपनाती थीं। उसी दौरान उन्होंने एक बार टैक्सी में बैठकर अपनी नाभि दोबारा पियर्स करवाई थी। अभिनेत्री ने बातचीत में कुछ दिलचस्प फैशन ट्रिक्स भी साझा किए। उन्होंने बताया कि कभी-कभी अचानक फोटो खिंचवाने या कपड़ों को संभालने के लिए वह छोटे-छोटे उपाय अपनाती थीं। एक बार जब उनकी शर्ट खुलने लगी तो उन्होंने उसे चिपकाए रखने के लिए च्युइंग गम का इस्तेमाल किया, जिससे शर्ट अपनी जगह पर टिक गई। प्रियंका ने यह भी बताया कि अगर फैशन टेप उपलब्ध न हो तो साधारण बैंडेज को मोड़कर भी उसका इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने अपने करियर के शुरुआती दौर को याद करते हुए कहा कि जब वह पहली बार मिस इंडिया प्रतियोगिता में पहुंचीं तो उनके पास मॉडलिंग का कोई अनुभव नहीं था। उस समय उनकी उम्र महज 17ङ्क18 वर्ष थी और अचानक वह खुद को एक बिल्कुल नई दुनिया में पा रही थीं। बाद में उन्होंने ख्वह्यद्य ङ्खशह्लह्यस्र 2000 का खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल की, जिसने उनके करियर की दिशा ही बदल दी।





# द 50 से बाहर होने पर बोलीं दिव्या अग्रवाल, मैं किसी भी तरह का रियलिटी शो नहीं करूंगी

मुंबई। रियलिटी शोज की दुनिया हमेशा से ड्रामा, रणनीति और कड़ी टक्कर के लिए जानी जाती है। इन शोज में हिस्सा लेने वाले कलाकारों को सिर्फ मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक रूप से भी काफी मेहनत करनी पड़ती है। कई बार यह अनुभव कलाकारों के लिए सीख से भरा होता है। इसी कड़ी में रियलिटी शो द 50 से बाहर होने के बाद अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल ने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में बड़ा बयान दिया। उन्होंने खुलकर बताया कि शो का अनुभव उनके लिए कैसा रहा और अब वह अपने करियर को किस दिशा में आगे बढ़ाना चाहती हैं। दिव्या अग्रवाल ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, मुझे इस बात की खुशी है कि मैं अब इस शो से बाहर आ चुकी हूं। यह शो काफी हद तक मेल डॉमिनेटेड था और इसमें बहुत यादा फिजिकल एक्टिविटी शामिल थी। शो में हर कोई खुद को नोटिस करवाने की कोशिश कर रहा था। इसी वजह से कई बार कंटेस्टेंट्स एक-दूसरे के बारे में अजीब और अनचाही बातें भी कह देते थे। यह माहौल कई बार असहज कर देने वाला होता था। दिव्या ने आगे कहा, मैंने यह शो अपने फैंस की वजह से किया था। लंबे समय से मेरे फैंस मुझसे कह रहे थे कि मुझे एक और रियलिटी शो में हिस्सा लेना चाहिए। इसी वजह से मैंने द 50 में हिस्सा लेने का फैसला किया था। उन्होंने कहा, अब मैं किसी भी तरह का रियलिटी शो नहीं करूंगी। मेरा ध्यान सिर्फ और सिर्फ अभिनय पर रहेगा। मैं अपने एक्टिंग करियर पर पूरा फोकस करना चाहती हूं। दिव्या अग्रवाल के करियर की बात करें तो उन्होंने मनोरंजन की दुनिया में अपनी पहचान एक रियलिटी शो कंटेस्टेंट के तौर पर बनाई। साल 2017 में उन्होंने एमटीवी स्प्लिट्सविला 10 में हिस्सा लिया था। इस शो में वह अभिनेता प्रियांक शर्मा के साथ रनर-अप रहीं और यहीं से उन्हें बड़ी पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने कई रियलिटी शोज और टीवी प्रोजेक्ट्स में काम किया और धीरे-धीरे दर्शकों के बीच लोकप्रिय होती चली गईं। 2018 में दिव्या ने एमटीवी ऐस ऑफ स्पेस में हिस्सा लिया और इस शो की विजेता बनीं। इस जीत ने उन्हें टीवी इंडस्ट्री में और मजबूत पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने एक्टिंग में डेब्यू किया और हॉरर वेब सीरीज रागिनी एमएमएस- रिटर्न्स के दूसरे सीजन में नजर आईं। उनके करियर में बड़ा मोड़ तब आया वह बिग बॉस ओटीटी सीजन 1 की विजेता बनीं। इस जीत के बाद उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ और उन्हें कई वेब सीरीज, म्यूजिक वीडियो और अन्य प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिलने लगे।

# महाभारत में उत्तरा बन जीता था दिल, जैकी श्रॉफ संग किया डेब्यू



महाभारत की उत्तरा का बदल गया है लुक कई मेकर्स ने टेलीविजन के लिए हिंदू महाकाव्य महाभारत बनाने की कोशिश की, लेकिन कोई भी बीआर चोपड़ा और उनके बेटे रवि चोपड़ा के बनाए वर्शन जैसा नहीं बन पाया। 139 एपिसोड का यह सीरियल 1988 से 1990 तक प्रसारित हुआ था और अपनी दमदार कहानी के अलावा शानदार स्टार कास्ट की वजह से लोगों का लोकप्रिय शो बन गया। इस शो ने कई स्टार्स को घर-घर में पहचान दिलाई और इन्हीं में एक वर्षा उसगांवकर भी थीं। एक्ट्रेस वर्षा गोवा के एक राजनीतिक परिवार से आती हैं। उनके पिता एकेएस उसगांवकर कैबिनेट मंत्री और गोवा के उप-अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां मानिकाबाई उसगांवकर एक शास्त्रीय गायिका थीं। महाभारत से मशहूर हुईं वर्षा उसगांवकर बॉलीवुड और मराठी फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। एक्ट्रेस अभी तक एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। उसगांवकर को पहली बार 1984 में सुपरहिट मराठी स्टेज प्ले ब्रह्मचारी के लिए चुना गया था। उन्होंने 1986 में तुया वाचुन करमेना से मराठी फिल्म की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने सचिन पिलगांवकर के साथ सुपरहिट गम्मत जम्मत (1987) की। 1988 में उन्हें महाकाव्य महाभारत में अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा की भूमिका निभाने के लिए चुना गया और इस किरदार को निभाकर वह दर्शकों की पसंदीदा अभिनेत्री बन गईं। मराठी फिल्मों और टीवी शोज में काम करने के बाद वर्षा उसगांवकर ने 1990 में आई फिल्म दूध का कर्ज से बॉलीवुड में डेब्यू किया, जिसमें जैकी श्रॉफ, नीलम और अरुणा ईरानी भी नजर आए थे। उनकी सबसे प्रसिद्ध फिल्मों में से एक साथी है, जो अपने ब्लॉकबस्टर गानों के लिए जानी जाती है। उन्होंने हफ्ता बंद (1991), घर जमाई (1992), तिरंगा (1993), बेटा हो तो ऐसा (1994), घर आया मेरा परदेसी (1993) और पत्थरीला रास्ता (1994) जैसी फिल्मों में काम किया है। 38 साल बाद भी वर्षा उसगांवकर की खूबसूरत आज भी बरकरार है। वह इन दिनों मराठी टीवी सीरियल 'नशीबवान' में नजर आ रही हैं, जो सोम-शुक्र रात 9 बजे स्टार प्रवाहवर पर प्रसारित होता है।

# गर्मी में अपराजिता की बेल को फूलों से भरने के लिए अपनाएं ये उपाय





नीले और सफेद फूलों वाली अपराजिता की बेल घर की सुंदरता बढ़ाने के साथ धार्मिक महत्व भी रखती है। हालांकि कई लोगों की शिकायत रहती है कि गर्मी के मौसम में यह बेल सूखने लगती है या इसमें फूल आना कम हो जाते हैं। गार्डनिंग विशेषज्ञों के अनुसार फरवरी और मार्च का समय इस पौधे की सही देखभाल के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान कुछ आसान उपाय अपनाकर पूरी गर्मी बेल को फूलों से भरा रखा जा सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस मौसम में पौधे की कटाई-छंटाई (प्रूनिंग) करना जरूरी होता है। सूखी और पीली टहनियों को हटाने से नई शाखाएं निकलती हैं और फूलों की संख्या बढ़ती है। अगर पौधा गमले में बहुत ज्यादा फैल गया हो तो जड़ों की हल्की कटाई भी की जा सकती है, जिससे नई ग्रोथ को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा मिट्टी को ताजा करना भी जरूरी है। यदि बेल लंबे समय से एक ही गमले में लगी है तो ऊपर की दो से तीन इंच मिट्टी हटाकर नई खाद मिली मिट्टी डालनी चाहिए। इससे जड़ों को पोषण मिलता है और पौधा तेजी से विकसित होता है।

गर्मियों में सिंचाई का सही संतुलन भी जरूरी है। मिट्टी की ऊपरी सतह सूखने पर ही पानी देना चाहिए, क्योंकि ज्यादा पानी देने से जड़ें सड़ सकती हैं। शाम के समय पत्तियों पर हल्का स्प्रे करने से पौधा ताजा बना रहता है और कलियां गिरने की समस्या कम होती है। अपराजिता को दिन में कम से कम पांच से छह घंटे धूप की जरूरत होती है। हालांकि तेज गर्मी में दोपहर की कड़ी धूप से बचाने के लिए इसे ऐसी जगह रखना बेहतर होता है जहां सुबह की धूप मिले। विशेषज्ञों के अनुसार मिट्टी में रेत और वर्मीकंपोस्ट मिलाने से ड्रेनेज बेहतर होता है। साथ ही महीने में एक बार गोबर की खाद या सरसों की खली का घोल देने से फूलों की संख्या बढ़ सकती है। चूंकि अपराजिता चढ़ने वाली बेल है, इसलिए इसे जाली या रस्सी का सहारा देना भी जरूरी माना जाता है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com